# Class 12 – Accountancy
# Quiz Abhyaas (7th – 13th August 2021)

ख्याति की विशेषताओं के सन्दर्भ में कौन सा कथन सत्य है?

1. यह गैर-दृश्यमान है लेकिन यह एक कल्पित संपत्ति नहीं है।
2. ख्याति एक अमूर्त संपत्ति है।
3. ख्याति के मूल्य का निर्माण करने के लिए किए गए निवेश या लागत के बीच कोई संबंध नहीं है।
4. उपर्युक्त सभी

पुनर्मूल्यांकन पर लाभ या हानि का वहन कौन करता है?

1. नए साझेदार
2. पुराने साझेदार
3. नए व पुराने दोनों साझेदार
4. इनमें से कोई नहीं

ख्याति के मूल्यांकन के लिए भारित औसत लाभ विधि का प्रयोग तब किया जाता है जबकि _____।

1. लाभ की वृद्धिमान प्रवृति हो
2. लाभ की ह्रासमान प्रवृति हो
3. उपरोक्त दोनों स्थिति में
4. लाभ असमान हो

निम्न में से किन परिस्थितियों में साझेदारों की स्थिर पूँजी परिवर्तित हो सकती है?

1. अतिरिक्त पूँजी लगाई जाने पर
2. पूँजी हटाई जाने पर
3. उपरोक्त दोनों
4. इनमें से कोई नहीं

नये साझेदार के प्रवेश पर जब सम्पत्तियों के दायित्वों का मूल्य बदलना चाहते हैं, तो बनाया जाने वाला खाता होता है:

1. पुनर्मूल्यांकन खाता
2. वसूली खाता
3. स्मरणार्थ पुनर्मूल्यांकन खाता
4. अवास्तविक खाता

निम्न में से कौन सा कथन साझेदारी के सन्दर्भ में सत्य नहीं है?

1. साझेदारी के लिए एक अनुबंध या समझौता होना चाहिए।
2. साझेदारी के लिए दो या दो से अधिक व्यक्ति होने चाहिए औ अधिकतम 50 व्यक्ति हो सकते हैं।
3. लाभ का विभाजन होना चाहिए।
4. साझेदारी के लिए दो या दो से अधिक व्यक्ति होने चाहिए और अधिकतम 100 व्यक्ति हो सकते हैं।

साझेदारी संलेख की अनुपस्थिति में ऋण पर कितना ब्याज दिया जाता है?

1. 6%
2. 8%
3. 9%
4. 12%

त्याग का अनुपात किस स्थिति में निकालना पड़ता है?

1. साझेदार की मृत्यु पर
2. नए साझेदार के प्रवेश पर
3. साझेदार के अवकाश ग्रहण पर
4. साझेदारी के पुनर्गठन पर